तापमान
अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025

14 जलशक्ति की टीम ने चेक डैम का किया मुआयना



14 सीईटी परीक्षा के लिए 13.50 लाख युवाओं ने किया पंजीकरण



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज नशा तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी सोहन सिंह को गिरफ्तार किया है। 2 जून 2023 को सीआईए-शहजादपुर को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि आरोपी होंडा सिटी कार में ग्राहकों को हेरोइन बेचने का कार्य करता है। सूचना के बाद पुलिस ने बरौली मोड सैन माजरा के पास नाकाबंदी कर एक होंडा सिटी कार को तलाशी के लिए रोका था। कार की तलाशी लेने पर उससे 35 ग्राम 20 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। आरोपी की पहचान चेतन दास वासी गांव बरौली के रूप में हुई थी। उसकी निशानदेही पर ही सोहन सिंह को काबू किया गया है।

### धोखाधड़ी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करके खाते से बड़ी रकम निकालने के मामले में सीआईए-1 ने सहारनपुर के रहने वाले आरोपी जगमोहन उर्फ छोटा, सोनू व संदीप कुमार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। गांव डुलियानी के हरिराम ने शिकायत दी थी कि 7 जून को आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड धोखे से बदल कर उसके खाते से एक बड़ी रकम निकाल ली है।

### पेरलल नहर में गिरी कार, सवार की मौत



**समालखा।** गांव नामुंडा गांव के पास बुधवार की आधी रात नहर के अंदर असंतुलित होकर कार गिर गई। इसके बाद गांव से ग्रामीणों ने तीन- चार ट्रैक्टर ले जाकर कार को निकालने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिल पाई। वहीं जानकारी के बाद पुलिस ने हाइड्रा मशीन से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद कार को बाहर निकला। पुलिस द्वारा जब कार की तलाशी ली तो पिछली सीट से एक डेड बॉडी बरामद हुई। जिसकी पहचान पास लगते गांव ग्वालडा निवासी सुंदर के रूप में हुई है।

# शराब कारोबारी शांतनु की हत्या में तीन शूटर्स गिरफ्तार

**एसटीएम को मिली सफलता**
हत्यारोपियों की धरपकड़ के लिए सात टीम कर रहीं काम

### यमुनानगर जेल में रची गई थी हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ शाहबाद में गोली मारकर शांतनु की हुई थी हत्या

शराब कारोबारी शांतनु की हत्या में वांटेड बदमाशों को स्पेशल टॉस्क फोर्स ने गिरफ्तार कर लिय है। कुछ दिन पहले ही इन बदमाशों ने कारोबारी को शाहाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

एसटीएफ अब बदमाशों से पूछताछ कर रही है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि बदमाशों ने शाहाबाद की मीना मार्केट के पास शराब कारोबारी शांतनु की हत्या योजनाबद्ध तरीके से की है। योजना के तहत बदमाशों ने गोली मारने के बाद किस ओर भागना है इसकी पूरी प्लानिंग बनाई थी ताकि वारदात के बाद कोई भी मौके पर पकड़ा न जाए।





अंबाला। शराब कारोबारी की हत्या के आरोप में पकड़े गए शूटर्स तथा उनका मेडिकल करवाने जाती जांच टीम। फोटो : हरिभूमि

### ये तीन बदमाश पकड़े

एसटीएफ अंबाला और करनाल की टीम ने शराब कारोबारी शांतनु की हत्या में तीन मुख्य शूटरों को काबू किया है। इनमें करनाल के इंद्री स्थित गांव खानपुर का सुजल, बराड़ा के अकालगढ़ का बलजिंद्र सिंह उर्फ मंगू व शाहबाद के मोहल्ला खत्रवाडा का शुभम खुराना भी शामिल है। इस हत्याकांड के तार यमुनानगर जेल से जुड़े हुए हैं।

इसके लिए हिस्ट्रीशीटर राजन को पूछताछ के लिए तीन दिन के प्रोडक्शन रिमांड पर लाया गया है। एसटीएफ के डीएसपी अमन कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में पूरा मामला शराब के कारोबार में वर्चस्व को लेकर दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड की साजिश यमुनानगर जेल में रची गई थी। इसीलिए जेल से हिस्ट्रीशीटर जंधेड़ी के राजन को पूछताछ की जाएगी। उससे पता लगाया जाएगा जाएगा कि इस हत्याकांड का असल मास्टरमाइंड कौन है? जांच टीम ने वीरवार सुबह ही बदमाशों का अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में मेडिकल कराया गया। शांतनु का नाम प्रदेश के बड़े शराब कारोबारियों में आता था। कुरुक्षेत्र जिले में 28 में से 16 ठेके शांतनु ग्रुप को मिले थे। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी शांतनु का कारोबार फैला था। आरोप है कि झज्जर जिले के मातन गांव के रहने वाले शांतनु की रोमिल ने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या की है।

**2 लाख का इनाम**

पुलिस ने रोमिल का पोस्टर जारी कर उसकी सूचना देने वाले को 2 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। रोमिल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 7 टीमें काम कर रही हैं। अंबाला रेंज के आई पंकज कुमार नैन ने बताया कि जल्द ही सारे आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को अगवा कर किया दुष्कर्म

■ नाबालिग लड़की निकली एक माह की गर्भवती, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मेडिकल जांच में नाबालिग लड़की एक माह की गर्भवती निकली है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। थाना सदर जगाधरी क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसकी साढ़े सत्रह वर्षीय बेटी अचानक घर से लापता हो गई।

उन्होंने उसकी काफी तलाश की तो पता चला कि उसकी बेटी को अंबाला निवासी अली कहीं अगवा करके ले गया है। पुलिस ने उस समय आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पुलिस ने पुख्ता सबूत मिलने पर आरोपी युवक अली को गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। नाबालिक लड़की की पुलिस ने मेडिकल जांच करवाई तो वह एक माह की गर्भवती निकली।

### मामले में जांच जारी

थाना सदर जगाधरी प्रभारी तरसेम सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अली को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है।

### रिजॉर्ट मालिक गिरफ्तार, जेल भेजा

**अंबाला।** अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर स्थित आम्रपाली रिसॉर्ट के मालिक रोहित जैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। होटल में ही काम करने वाली महिला ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने जैन को काबू कर लिया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। महिला कर्मचारी ने कहा कि होटल मालिक ने केबिन में बुलाकर मेरा हाथ पकड़ा। गले लगाने को कहा। पुलिस ने होटल मालिक पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (2) के तहत केस दर्ज किया था। हालांकि होटल मालिक ने आरोपों को गलत करार देते हुए कहा कि महिला कर्मचारी ने ड्यूटी नहीं की, छुट्टी पर रही, इसके बाद भी सैलरी मांगती रही।

# सूरजमुखी की फसल के तौल में पाई गई गड़बड़ी

■ मार्केट कमेटी ने हैफेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल की तुलाई में हुई अनियमितताओं को लेकर मार्केट कमेटी ने हैफेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बता दें कि इस साल पिछले कई सालों के बाद अंबाला शहर अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल की सरकारी खरीद के लिए सेंटर बनाया गया था। इससे अंबाला शहर के साथ लगते किसानों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन जैसे ही किसानों को पता चला कि उनके साथ नापतौल में गड़बड़ हो गई। इससे किसानों को निराशा लगी। इतना ही नहीं सरकारी तंत्र की नापतौल से भी भरोसा उठ गया। सूरजमुखी के 40 थैलों में तय वजन यानि 28.600 किलोग्राम से कम या ज्यादा होने को लेकर एक कमेटी बनाई गई थी। जिसकी जांच में मामले से दूध का दूध पानी का पानी नहीं हो सका। इस समय जांच कमेटी पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं कि यदि किसानों और हैफेड के कांटों की तौलाई में अंतर पाया गया था। किसानों की ओर से साफ किया जा चुका है कि गड़बड़झाला करने वालों की जांच करवाकर ही छोड़ा जाएगा ताकि आने वाले समय में किसानों की जेब पर डाका ना डाला जा सके।

### दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**यमुनानगर।** गांव तलाकौर के नजदीक दो बाइकों की भिडंत में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव जोगी माजरा निवासी अमित कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 20 वर्षीय गौरव अंसल अपनी बाइक से किसी काम से गया था। रात साढ़े आठ बजे जब वह घर लौट रहा था तो गांव तलाकौर के पास गौतम नगर तलाकौर निवासी चंद्रपाल ने तेज गति से बाइक चलाकर गौरव की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

# कुवि में प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विभिन्न यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा-2025 के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 23 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाली एमए अर्थशास्त्र तथा बिजनेस इकोनोमिक्स की प्रवेश परीक्षा 23 जून को प्रातः 10 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस में, एमसीए की परीक्षा 23 जून को दोपहर 12.30 बजे यूनिवर्सिटी कम्यूनिटी सेंटर तथा 23 जून को 12.30 बजे यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित होगी। एमबीए (बजटिड/एसएफएस) की प्रवेश परीक्षा 23 जून को दोपहर 3.30 बजे आर्टस फैकल्टी बिल्डिंग तथा कामर्स विभाग में आयोजित होगी। एमबीए एसएफएस के बचे हुए कैंडिडेट की प्रवेश परीक्षा 23 जून को दोपहर 3.30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में आयोजित की जाएगी। एमएससी माइक्रोबायोलॉजी की प्रवेश परीक्षा 24 जून को प्रातः 10 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस में, एमएससी भूगोल की प्रवेश परीक्षा 24 जून को दोपहर 12.30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में, एमएससी केमिस्ट्री एंड विद स्पेशलाइजेशन इन फार्मा के लिए प्रवेश परीक्षा 24 जून को दोपहर 3.30 बजे यूनिवर्सिटी कम्युनिटी सेंटर में आयोजित की जाएगी। एमएससी फोरेंसिक साइंस की प्रवेश परीक्षा 25 जून को प्रातः 10 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस में आयोजित होगी। एमएससी गणित के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर 12.30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ तथा विधि विभाग में आयोजित की जाएगी। एमएससी जूलॉजी की प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर 12.30 बजे यूनिवर्सिटी कम्यूनिटी सेंटर में तथा एमएससी फिजिक्स के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर 3.30 बजे यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित की जाएगी।

**कुवि में दाखिले के लिए अंतिम तिथि आज**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में वर्ष 2025-26 में यूटीडी के यूजी और पीजी कार्यक्रमों (प्रवेश आधारित) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है। इच्छुक आवेदक यूटीडी के यूजी और पीजी कार्यक्रमों (प्रवेश आधारित) में दाखिले के लिए 20 जून, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूजी एवं इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स बीबीए आनर्स, एमबीए पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम, बीएफए, बीएएलबी आनर्स पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम में आवेदक 20 जून रात्रि 23.55 बजे तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। आवेदक एमए, एमएससी, एमकॉम, एमलिब, एमएचएम एंड सीटी, एमटीटीएम, एमबीए, बीएड स्पेशल एजुकेशन, एमएड स्पेशल एजुकेशन, एमपीएड, बीपीएड, एलएलबी प्रोफेशनल, एमएफए, एलएलएम, एमफार्मेसी व एमसीए प्रोग्राम्स में 20 जून रात्रि 23.55 बजे तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं।

# युवक से ठगे 9.25 लाख

■ अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने ट्रेडिंग के नाम पर शेयर मार्किट में प्रोफिट कमाने का झांसा देकर गांव फतेहपुर निवासी विकास कुमार से नौ लाख 25 हजार रुपये ठग लिए।

जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव फतेहपुर निवासी विकास ने बताया कि गत दो अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वहां एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया।

वहां शेयर मार्किट के संबंधित बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग कर शेयर मार्किट में अधिक प्रोफिट कमा सकते हैं। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने अलग-अलग करके उसके पास से शेयर मार्किट में नौ लाख 25 हजार रुपये इनवेस्टमेंट करवा दिए। मगर उसे प्रोफिट के पैसे नहीं मिले। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पूर्णकालिक (वैध नेट गेट/जीपैट पर) और प्रवेश परीक्षा (फामेर्सी/मैकेनिकल इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/ होटल मैनेजमेंट आदि में) और अंशकालिक (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के दूसरे दौर के लिए आवेदन पत्र पात्र उम्मीदवारों से आमंत्रित किए गए हैं। पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 20 जून से 30 जून तक ऑनलाइन जमा किया जाना है।

# दो अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

■ कॉलोनी की कच्ची सड़कों व 8 डीपीसी पर कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि करनाल में 2 अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि एक अवैध कॉलोनी गांव पुन्डरक में स्थित है, जो कि लगभग 5 एकड़ में फैली है। इस कॉलोनी की सभी कच्ची सडक़ो एवं 8 डी.पी.सी. के विरुद्ध तोड़फोड की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार दूसरी कॉलोनी पाल नगर के पास मेहता फार्म के सामने स्थित है, जो लगभग 1.5 एकड़ में फैली हुई है। जिसमें सभी कच्ची सडक़ो, सीवर नैटवर्क एवं 2 निर्माणधीन मकान के विरूद्ध तोडफोड की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।

जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर डाली

■ पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने युवती का चुपके से अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल की दिया। युवती ने जब सोशल मीडिया पर अपनी अश्लील वीडियो देखी तो उसने आरोपी युवक से बात की।

मगर आरोपी युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी अहसान नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी युवक ने चुपके से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपी उस पर गलत काम करने का दबाव बनाने लगा। जब उसने आरोपी को मना किया तो आरोपी ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

**सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष ने सिंचाई अधिकारियों को दिए निर्देश**

# सरस्वती का पानी रोकने वालों पर होगी कार्रवाई

■ लोगों को सरस्वती की सफाई के महत्व के बारे में समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती का पानी रोकने और नदी में गंदगी डालेगा वाले पर सख्त कार्रवाई होगी। वो जल्द ही सरस्वती में साफ पानी का परवाह करवाने जा रहे हैं।

इस कार्य में शहरवासियों से अपेक्षा है कि वो भी सफाई का ध्यान रखें साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए 24 घंटे सतर्क रहने को कहा हैं। उन्होंने कहा कि अब किसी भी प्रकार की कोताही को



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस भी व्यक्ति या अधिकारी ने सरस्वती के कार्य में कोताही की उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने नरकतारी क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस क्षेत्र के लोगों ने कई अवरोध बनाए हुए थे। कॉलोनी के लोगों के साथ उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने बातचीत करते हुए उनका सरस्वती के महत्व के बारे में समझाया। इसके बाद लोगों ने खुद ही अपने अवरोध को खोल दिया। उन्होंने कॉलोनी वासियों से अपील की कि वो आगे से ऐसा ना करें और दूसरों को भी अवरोध डालने वालों को रोकें। उन्होंने कहा कि अब सरस्वती के साथ चलने वाले गंदे पानी की डैन और लगभग सारा पानी डाइवर्ट हो गया है। जिस भी कॉलोनी व क्षेत्र का पानी गंदा था, वह सरस्वती की बजाए ड्रेन में गंदे पानी को डालें। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड विभाग ने लगभग सारे प्वाइंट बंद कर दिए हैं। फिर भी यदि कोई प्वाइंट बचता है तो इसकी जानकारी सरस्वती बोर्ड को दी जाए, ताकि सरस्वती नदी में साफ पानी चलता रहे।

**समिति होगी गठित**

सरस्वती सेवा किया जाएगा उन्होंने कहा कि गंदे नाले में केवल गंदा पानी ही चले। सभी कालोनीवासी भी इस पवित्र कार्य में अपना-अपना सहयोग दें। इसके लिए हर कॉलोनी में एक सरस्वती सेवा समिति का गठन किया जाएगा। ऐसा होने पर लोगों में जागरूकता पैदा होगी और सरस्वती का सुधार आसानी से हो पाएगा। उनके साथ नरकातारी के सरपंच मास्टर केहर सिंह भी मौजूद रहे।

# झींडा गुरुद्वारों की देखभाल करें आपातकाल की बरसी न मनाएं

■ झींडा को काला दिवस मनाने के लिए नहीं बनाया गया अध्यक्ष : जोगा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य और पिछले 21 वर्षों से हरियाणा की अलग कमेटी बनाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे जोगा सिंह ने कहा है कि कहा कि हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और इसलिए बेतुकी बातें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम सबने मिलकर अलग कमेटी के लिए



जोगा सिंह

लड़ाई लड़ी थी और झींडा को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था ताकि वह हरियाणा के गुरुद्वारों की सही तरीके से देखभाल कर सकें, लेकिन इसके बजाय वह बकवास करते नजर आ रहे हैं। जैसा कि उन्होंने कल कहा था, हम सरकार द्वारा 1971 के संविधान को थोपे जाने के खिलाफ हैं। हम आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गुरुद्वारों की देखभाल के लिए हरियाणा कमेटी का गठन किया गया है। हमें हरियाणा के गुरुद्वारों की देखभाल करनी चाहिए और श्रद्धालुओं की उम्मीदों के मुताबिक काम करना चाहिए या फिर काला दिवस मनाना चाहिए। उन्होंने जगदीश सिंह झिंडा से सवाल किया कि आपातकाल को कितने साल हो गए हैं, क्या झिंडा ने पहले भी आपातकाल को लेकर कोई काला दिवस मनाया है? उन्होंने कहा कि आपातकाल के बाद कई सरकारें आईं और चली गईं। गया, झींडा को अब आपातकाल क्यों याद आ रहा है, जिसका अब कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वह इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आज पायलट रिर्हसल, जिलास्तरीय कार्यक्रम कलः उत्तम सिंह

## डीसी उत्तम सिंह ने दी जानकारी, हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण होंगे मुख्य अतिथि

मुख्य कार्यक्रम सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि आगामी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को अनाज मंडी में होगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण शिरकत करेंगे तथा 20 जून शुक्रवार को पायलट रिर्हसल आयोजित की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा, इसमें स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 20 जून को पायलट रिहर्सल अनाज मंडी में सुबह 6 से 8 तक आयोजित होगी।

### उप-मंडल व ब्लॉक स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम

जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उप-मंडल व ब्लॉक स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, नीलोखेड़ी के कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, घरौंडा के कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा, निसिंग के कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरमैन प्रवेश कुमारी, चिड़ाव के कार्यक्रम में हरियाणा गऊ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, मूनक के कार्यक्रम में हरियाणा एसी कमीशन के चैयरमेन रविंद्र सिंह बलियाला, कुं जपुरा के कार्यक्रम में करनाल नगरनिगम मेयर रेनू बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगी।

### आयुष विभाग ने 146 गांवों में निकाली योग जागरण यात्रा

करनाल। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं नगराधीश मोनिका के दिशा निर्देशन में जिला में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि वीरवार को आयुष विभाग के आदेश अनुसार आयुष योग सहायकों ने अपनी अपनी व्यायामशाला एवं निकटवर्ती पांच स्थानों सहित कुल 146 गांवों में योग जागरण यात्रा निकाली, जिसमें लगभग 3650 प्रतिभागी शामिल हुए। आयुष विभाग द्वारा जिला के सभी ब्लॉकों में घरौंडा, मुनक, निसिंग, असंध, नीलोखेड़ी, इंद्री , कुंजपुरा तथा करनाल में आयुष योग सहायकों द्वारा विभिन्न गाँवों में योग जागरण यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि इन योग जागरण यात्रा में ग्रामीणों ने तथा सरपंच एवं मेंबरों ने बढ़ चढकर भाग लिया। आयुष विभाग करनाल के ब्लॉक इंचार्ज डॉ नितिन रोहिला ने बताया कि आगामी 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए आयुष विभाग करनाल द्वारा सभी ब्लॉकों में 20 जून को पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा।

### संत निरंकारी मिशन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशव्यापी आयोजन करेगा

करनाल। संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को प्रातः 6:00 बजे भारतवर्ष के 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ 'योग दिवस' का भव्य आयोजन किया जाएगा। मिशन की विभिन्न शाखाओं में यह आयोजन स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।इसी लड़ी में करनाल रेलवे स्तिथ निरंकारी भवन में योग दिवस का कार्यक्रम होगा। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 'अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के अंतर्गत योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है। संत निरंकारी मिशन के करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने जानकारी दी कि 2015 से ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'योग दिवस' का नियमित रूप से देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है।






### तीन दिवसीय योग शिविर में सैकड़ों लोगों ने सामूहिक योग किया

**करनाल।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य संचालक योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिविर के पहले दिन सैकड़ों लोगों ने सामूहिक योग किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से आरम्भ किया गया। जिसमें शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने शिरकत की।उन्होंने दिनेश गुलाटी के योग के प्रति जुनून की सराहना की।विशिष्ट अतिथि पार्षद अमृत लाल जोशी और पार्षद सुभाष कंबोज मौजूद रहे। बीजेपी के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा, सलाहकार समिति से ज्ञान अरोड़ा और रवि चावला मौजूद रहे।उन्होंने दिनेश गुलाटी सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। दिनेश गुलाटी ने कहा कि शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार, रेनू बाला गुप्ता मेयर करनाल और राम कुमार कश्यप विधायक इंद्री शिरकत करेंगे। इस तीन दिवसीय निशुल्क शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ पाएं, क्योंकि योग ही जीवन है। सेक्टर 14 कक्षा शिक्षकों की टीम ने एरोबिक्स पर आसनों के सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें नवीन जिंदल, बरखा जिंदल, वीना सेठ, वीना गोयल, ईशा धवन,ईशा मोंगिया, सोनिया, रितु, ज्ञान घई मौजूद थे।सभी साधकों का उत्साह और जोश देखते ही बनता था और उन्हें सभी क्रियाएं उत्साह पूर्वक की। मिशन के अन्य शिक्षक नवीन जिंदल, राजीव शर्मा, दिवेश भाटिया, बरखा जिंदल ,वींना सेठ, वीना गोयल, ईशा मोंगिया, ईशा धवन, ऋतु, शिवानी, राधिका, कोमल, संगीता, पूनम, कुसुम, निर्मल मौजूद थे

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मुहिम की झलक












## खबर संक्षेप



करनाल। कार्यकारिणी की मीटिंग के दौरान जानकारी देते राजपूत सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### निशुल्क हृदय जांच शिविर 22 को लगेगा

**करनाल।** राजपूत सभा करनाल एवं विर्क अस्पताल करनाल की ओर से 22 जून के निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकारिणी की मीटिंग के दौरान राजपूत सभा के प्रधान डा. नरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप नम्बरदार व महासचिव बृजपाल राणा ने बताया कि शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डा. सूरज सिंह अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। यह शिविर सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन, करनाल में आयोजित किया जा हा है। शिविर में जांच के दौरान ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, प्लस, एस.पी.ओ-2 और डॉक्टर्स की विस्तृत परामर्श सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## सोते समय बैड पर चढ़ा कोबरा, 5 साल के मासूम को डंसा, मौत

**अपने भाई बहनों के साथ बैड पर सो रहा था अयान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के समौरा गांव में कोबरा सांप के डंसने से एक 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा रात को घर पर अपने अन्य दो भाई-बहनों के साथ घर पर सो रहा था। जब बच्चे की हालत बिगड़ी तो उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहरीले सांप की जानकारी स्नैकमैन को दी गई। जिसके बाद स्नैकमैन मौके पर पहुंचे। हालांकि स्नैकमेन के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने सांप को पकड़ लिया था। जिसके बाद स्नैकमैन ने सर्च ऑप्रेशन चलाया ताकि कोई अन्य जहरीला सांप कमरें के अदंर न हो। मृतक बच्चे की पहचान अयान के रूप में हुई है। बुधवार की रात को बैड पर तीन बच्चे सो रहे थे। जिनमें से एक अयान भी था। अयान को रात के समय कोबरा सांप ने काट लिया। उस वक्त तक परिजनों को भी नहीं पता था कि सांप ने काटा है।



करनाल। पकड़ा गया कोबरा सांप। फोटो : हरिभूमि

### » उपलों के कट्टे में घुस गया था सांप

वीरवार को स्नैकमैन सतीश फफड़ाना ने परिजनों से बातचीत की। जिसमें सामने आया है कि रात को बारीश का मौसम था। उपलों से भरे कट्टे को परिवार वालों ने कमरे में रख दिया था और आशंका है कि रात को दरवाजे के नीचे से सांप अंदर आया और कट्टे पर चढ़कर बैड पर पहुंचा और बच्चे को काटने के बाद उपलों वाले कट्टे में घुस गया। जब बच्चे की हालत अचानक बिगड़ने लगी तो घबराए परिजनों ने स्नैकमैन सतीश फफड़ाना को कॉल किया। स्नैकमेन के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने सांप को सर्च किया और सांप कट्टे के अंदर मिला। जिसको परिजनों ने एक प्लास्टिक के डिब्बे में कैद कर दिया। 5 साल के अयान की मौत से गांव में मातम का माहौल है। परिजन बच्चे की अचानक बिगड़ी तबीयत को लेकर बेहद परेशान थे, लेकिन किसी को यह अंदेशा नहीं था कि एक सांप उनकी दुनिया उजाड़ देगा।

**सावधानी जरूरी**

### बैडरूम में न रखें उपलों वाले कट्टे

स्नैकमैन सतीश फफड़ाना ने लोगों से अपील की है कि बरसात के इस मौसम में सांप जैसे जहरीले जीव अक्सर सूखी और गर्म जगह की तलाश में घरों में घुस आते हैं। उन्होंने कहा कि बैड को दीवार से थोड़ा दूर रखें, जमीन पर न सोएं, फर्श पक्का रखें और दरवाजों को नीचे तक बंद रखें। कोई भी सामान जैसे उपलों के कट्टे या लकड़ी आदि नमी के मौसम में बैडरूम या कमरों में नहीं रखने चाहिए, क्योंकि इनमें सांप या अन्य जीव आसानी से छिप सकते हैं।

जब अयान की तबियत बिगड़ने लगी तो उन्होंने स्नैकमैन सतीश फफड़ाना को कॉल किया। सतीश ने परिजनों को सांप काटने के लक्षणों के बारे में बताया और वे ही लक्षण अयान में पाए गए। जिसके तुरंत बाद ही परिवार अयान को कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में लेकर पहुंचा, लेकिन वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जेल में बंद सात आरोपियों से 16 चोरियों का खुलासा

**करनाल पुलिस ने ट्यूबवेल चोर गिरोह का किया पर्दाफाश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले में किसानों के ट्यूबवेलों से तार और इलेक्ट्रिक सामान चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। सीआईए-3 की टीम ने पानीपत जेल में बंद सात आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें खेतों में हुई 16 चोरी की घटनाएं उजागर हुई हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 11 ट्यूबवेलों से चोरी गया सामान बरामद किया है, जिसमें तार, ग्रीप और स्टार्टर शामिल हैं। सीआईए-3 की टीम ने 17 जून को इंस्पेक्टर अजय सांगवान की अगुवाई में पानीपत जिला जेल से सात आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। ये सभी आरोपी खेतों में चोरी की वारदातों को लेकर पहले से शक के घेरे में थे। पुलिस रिमांड के दौरान जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने आरोपियों से सख्त पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने 16 वारदातों की बात कबूली। इसके बाद पुलिस टीम ने 11 अलग-अलग स्थानों से चोरी गया सामान बरामद किया, जिसकी पहचान पीड़ित किसानों द्वारा भी कर ली गई।

### अन्य वारदातों में शामिल होने का शक

पुलिस को संदेह है कि यह गिरोह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। आरोपियों से पूछताछ का सिलसिला अभी जारी है और आने वाले दिनों में और भी वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।



■ इंस्पेक्टर अजय सांगवान के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई

### किसानों ने ली राहत की सांस

इस गिरोह की सक्रियता से किसान लंबे समय से परेशान थे। खेतों से बार-बार तार और उपकरण चोरी होने से सिंचाई कार्य में बाधा आ रही थी। गिरोह की गिरफ्तारी से किसानों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस का कहना है कि अब खेतों से जुड़ी चोरी की घटनाओं पर और सख्त निगरानी रखी जाएगी।



## नौ की राष्ट्रव्यापी हड़ताल निर्णायक साबित होगी

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ ने दावा किया है कि आगामी नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल निर्णायक साबित होगी। संघ के करनाल जिला प्रधान सुशील गुर्जर, जिला सचिव सेवाराम व प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि यह कर्मचारी हड़ताल केवल कर्मचारियों की ही नहीं होगी बल्कि इसमें जनता, मजदूर, महिला, किसान, खेतीहर मजदूर व तमाम लोग शामिल होंगे। जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में आठवां वेतन आयोग लागू करवाना, पुरानी पेंशन बहाल करवाना, तमाम विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाते हुए तमाम खाली पड़े पदों पर नियम से नियमित भर्ती करवाना शामिल हैं।

जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि कर्मचारी नौ जुलाई की हड़ताल के लिए तमाम विभागों के सभी कर्मचारियों से संपर्क करेंगे। जिसके लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रोशनलाल गुप्ता व दलित अधिकार मंच से ओमप्रकाश सिहमार मौजूद रहे।

## उत्कृष्टता और ज्ञान की ओर निरंतर अग्रसर लोगों के लिए द सिलेक्ट वन्स अभियान शुरु किया



■ अभियान में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री पत्रलेखा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शॉर्ट फिल्मों के प्रतिष्ठित मंच रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने नया थीम आधारित अभियान 'द सिलेक्ट वन्स के लिए' लॉन्च किया है। इस अभियान में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री पत्रलेखा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। एफसीबी नियो द्वारा परिकल्पित यह कैंपेन उन लोगों को समर्पित है जो अपने सिद्धांतों से समझौता किए बिना सोच-समझकर सफलता की राह चुनते हैं।

परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि यह मंच आज समझदार दर्शकों के लिए श्रेष्ठ कहानियों का भरोसेमंद ठिकाना बन चुका है। एफसीबी नियो के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर मयुरेश दुबाशी ने कहा यह फिल्म एक गहरी और सशक्त श्रद्धांजलि है उस कला को, जिसमें सही चुनाव करना ही पहचान बन जाता है।

राजकुमार राव ने कहा कि ईमानदारी और उद्देश्यपूर्ण फैसले ही असली सफलता दिलाते हैं, जबकि पत्रलेखा ने कहा कि इस मंच की कहानी कहने की शैली उनके कलात्मक नजरिए से मेल खाती है। इस अभियान के ज़रिए ब्रांड, उद्देश्यपूर्ण और अलग पहचान वाली शॉर्ट फिल्मों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा करता है।

**संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का उद्देश्य**

## मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचानाः गुर्जर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई जिसमें पूर्व विधानसभा स्पीकर कंवरपाल गुर्जर मुख्य तौर पर मौजूद रहे। इस बैठक में पार्टी के चल रहे संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर मनाने एवं इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर जानकारी देते हुए पूर्व विधान सभा स्पीकर कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और कांग्रेस शासन की विफलताओं को उजागर करना है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख तक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की बदौलत देश व प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी है। बाजीगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में देश प्रदेश में जो बदलाव आए हैं, उन्हें जन जन ने महसूस किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला संयोजक अशोक सुखीजा एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।



## मोदी का सपना देश को 2047 तक विकसित देश बनाना हैः भंडारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भाजपा सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए चल रहे अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी व अन्य कार्यकर्त्ताओं ने क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 11 सालों में हर वर्ग के लिए योजना चलाकर साबित कर दिया है और भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। घरौंडा विधायक एवं विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने पूरे क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है। वीरवर को मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी गांव गुढ़ा, खोराखेड़ी, स्टौंडी सहित अन्य गांवों में पहुंचे। जहा पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार अभिन्नदन किया। रोहित भंडारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने भी चुनाव में वादे किए थे, उन सभी को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। आज देश मजूबती की और बढ़ रहा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश को 2047 तक विकसित देश बनाना है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने देश की तरफ मुंह उठाकर पहलगांव में हमला कर दिया था, लेकिन सरकार ने सिंदूर ऑपरेशन चलाकर ये साबित कर दिया है कि जो भी देश की तरफ आंख उठाने का प्रयास करेगा, उसको मुंह तोड़ ज़बाब दिया जाएगा। उन्होंने लोगो से अपील की है कि गुमराह करने वाले लोगों की बात न सुने और देश को विकसित करवाने के लिए मोदी के हाथ मजबूत करे। इस अवसर पर प्रेम गुढ़ा, राजपाल, जयपाल, रमेश दहिया, ओमप्रकाश , रामस्वरूप, संजय,पूर्व सरपंच बलवान, सुखबीर कश्यप आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### योग से तन व मन शुद्ध होता है

**पानीपत।** हर आदमी के लिए योग जरूरी है। योग के बिना आदमी का शरीर अधूरा है। यह शब्द भारत स्वाभिमान व पतंजलि के जिला प्रभारी डॉ.शीशपाल ने देवी मंदिर में योग करवाते हुए कहे। उन्होंने कहा कि योग से हमारा शरीर ही नहीं हमारा मन भी शुद्ध होता है और भगवान के चरणों में किया गया योग डबल लाभ देता है। इस अवसर पर बलवान सिंह, बलवान शर्मा, अशोक अरोड़ा, राम पाल शर्मा, राजस्थान परिवार के नरेश आचार्य, राममेहर , अश्विनी, प्रवीण, अशोक, रिचा , सुनीता , जेपी गुलाटी, रेनु, सुमन, रजनी, कुसुम, दुर्गा व पूनम आदि मौजूद रहे।

### पुलिस टीम ने शराब तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने रिसालू रोड पर ढ़ाबे के नजदीक खाली प्लाट में अवैध शराब बेच रहे पवन निवासी गांव रिसालू जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 45 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पवन पर के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### हड़ताल में शामिल होंगे बिजली कर्मी

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की पानीपत थर्मल स्थित कार्यालय में मीटिंग हुई। बैठक में यूनियन के नेता अरुण तंवर, दीवान यादव, सुरेंद्र यादव, सूबे सिंह, संदीप सहारन, सतीश पांचाल,जितेंद्र सैनी, सर्व कर्मचारी संघ पानीपत के प्रधान अमरीश कुमार त्यागी व राज्य सचिव मनीष मलिक आदि शामिल हुए। वहीं, बैठक में तय हुआ कि बिजली कर्मचारी नौ जुलाई को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होंगे।

### लापता वृद्ध का सुराग नहीं लगा

**पानीपत।** पानीपत की सीम पर बसे करनाल जिला के गांव पुंडरी निवासी साठ वर्षीय रामभूल शर्मा को लापता हुए दो महीने से ज्यादा का समय हो गया पर उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। हालांकि परिजनों व पुलिस द्वारा रामभूल की तलाश जारी है। वहीं, रामभूल 18 अप्रैल को बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गया था। जिसकी परिजनों ने हर संभावित स्थल पर तलाश की पर उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया था। थाना घरौंडा पुलिस भी रामभूल की तलाश कर रही है।

### साईं गार्डन के सामने जलभराव में ट्राली पलटी

**समालखा।** समालखा में दिल्ली-पानीपत लेन पर साईं गार्डन के सामने बरसाती पानी खडा होने के कारण यहां पर ट्रैक्टर से जुडी सीमेंट के कट्टों से भरी ट्राली पलट गई। वहीं, ट्रैक्टर चालक व मजदूरों ने राहगीरों की मदद से ट्रॉली को सीधा किया गया। वहीं, बरसाती में पानी में भीगने के कारण सीमेंट के कट्टे खराब हो गए। इधर, बुधवार को भी इसी स्थान पर स्क्रैप से भरा एक ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गया था।

### पुलिस ने दो कबूतरबाज पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने डाहर निवासी प्रवेश व इसके मामा रणधीर को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने मामले में दो आरोपियों करनाल के गांव खानपुर निवासी संजय व पंजाब के अमृतसर की नेहरू कॉलोनी निवासी नितेश को गिरफ्तार किया है। थाना इसराना प्रभारी महीपाल ने बताया कि बताया कि इस मामले में थाना इसराना में डाहर गांव निवासी सुनीता पत्नी सतनाम की शिकाय तपर केस दर्ज है।

### साक्षरता बैठक करवाई

**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र ने कोविड महामारी के कारण अनाथ हुए पांच बच्चों जो कि पीएम केयरस फॉर चीलडरन स्कीम से जुड़े हुए हैं, उन बच्चों की स्टेट लेवल बेंनकर कमेटी (एसएलबीसीएस)/लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएमएस) के साथ बच्चों की वित्तीय साक्षरता मीटिंग करवाई गई। सभी बच्चों एवं उनके अभिभावक जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रामकुमार, जिला बाल संरक्षण यूनिट अंजू भी मौजूद रही।

---

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने 12 घरेलू व अन्य मामलों की सुनवाई की

# महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से ले प्रशासन : रेनु





**पानीपत।** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनु भाटिया, जनसुनवाई करते हुए व हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर, बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनु भाटिया ने वीरवार को जिला सचिवालय में महिलाओं से जुड़े 12 घरेलू व अन्य मामलों को लेकर दोनों पक्षों के साथ सुनवाई की व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला आयोग हमेशा न्याय को लेकर गंभीर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे महिलाओं से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई में किसी भी तरह की कोताही न बरतें। आयोग चेयरपर्सन ने ललिता, कविता, संतोष, साबा खान, धर्मबीर, रूक्षार, ओमी देवी, शिमला, आशा, शाइना आदि महिलाओं से जुड़े मामलों पर संज्ञान लिया। आयोग चेयरपर्सन भाटिया ने पीड़ति महिलाओं को मेल मिलाप से रहने का मशविरा दिया व दोनों पक्षों की बातों को गम्भीरता से सुना व उन पर संज्ञान भी लिया। उन्होंने कहा कि आयोग हमेशा न्याय का पक्षधर रहा है। आयोग ने महिलाओं को न्याय दिलवाने के लिए प्रयास किए हैं। वे इसमें सफल भी हुए हैं। इस मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टश्र सतीश वत्स, ट्रैफिक विंग डीएसपी सुरेश सैनी, भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नेहा शर्मा के अलावा पुलिस विभाग व दोनो पक्षों के परिजन मौजूद रहे।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की पोक्सो केसों की समीक्षा

**पानीपत।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राइम की अध्यक्षता में वीरवार को जिला सचिवालय के पुलिस सभागार में जिला पानीपत में दर्ज पोक्सो केसों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग सदस्य अनिल लाठर ने जिला पानीपत के सभी स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि जब भी कोई पोक्सो का केस आता है तो बच्चों का केस से सम्बन्धित पूरी प्रक्रिया करके बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करें। इस मौके पर सभी थानों से स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता, सोमवती, ज्योति, संगीता, जिला बाल संरक्षण यूनिट पानीपत सुमन, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष पदमा रानी व हरिदास शास्त्री मौजूद रहे।



**पानीपत।** वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड, आदि प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

## वॉलमार्ट ने एमएसएमई के विकास को गति देने को साझेदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ वॉलमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षित उद्यमों ने इसके माध्यम से सालाना करीब 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा कि वॉलमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वॉलमार्ट वृद्धि ने अगले तीन साल में भारत में एक लाख अतिरिक्त एमएसएमई को सशक्त करने के लिए आइडियाज टु इम्पैक्ट (आई2आई) फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। ग्लोबल सप्लाई चेन में वॉलमार्ट की विशेषज्ञता की ताकत और भारत में फ्लिपकार्ट की ई-कॉमर्स क्षमताओं को साथ लाते हुए शुरू किया गया वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ज्यादा से ज्यादा एमएसएमई को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा। वहीं, वॉलमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षित उद्यमों ने इसके माध्यम से सालाना करीब 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसका हिस्सा बनने वाले एमएसएमई को वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट और प्रोग्राम को क्रियान्वित करने वाले पार्टनर आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन द्वारा तैयार एप्रोच के जरिये सुगम पहुंच, विस्तार एवं प्रोग्राम मैनेजमेंट विशेषज्ञता से फायदा मिलता है।

---

## आम जन की सेवा का वाहक बनता जा रहा जनता समाधान कैंप : डॉ. किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



जनता समाधान शिविर में जन सुनवाई करते हुए जिला परिषद की सीईओ डॉक्टर किरण।

नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने गुरुवार को जिला सचिवालय सभागार में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये समाधान शिविर आम व्यक्ति के लिए लाभदायी साबित हो रहे हैं। समस्याओं के निस्तारण से आम व्यक्ति की नजर में प्रशासन की छवि बेहतर बनी है। शिविर में आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से हो रहा है। प्रशासन की बेहतर छवि की बदौलत यह समाधान शिविर आम जन की समस्याओं के समाधान का वाहक बनता जा रहा है। प्रशासन के लिए गर्व कि बात है की लोगों की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान हो रहा है व उन्हें लाभ मिल रहा है। निगम संयुक्त आयुक्त ने कहा कि सचिवालय में सप्ताह में दो दिन लगने वाले समाधान शिविर से जिले के आम नागरिक में नई चेतना का संचार हुआ है। अधिकारियों के रूचि लेने से इस बड़ी जिम्मेदारी में अधिकारी जीत हासिल करते जा रहे हैं। सीईओ डॉ. किरण ने कहा कि जिस प्रकार की भूमिका समाधान शिविर में अधिकारी निभा रहे हैं उससे आम जन खुश है। हर समस्या का प्रशासन निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सब योग्य अधिकारियों के कठिन परिश्रम से सम्भव हो रहा है। डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का जिस प्रकार से कायाकल्प हो रहा है।

### पूर्व विधायक धर्म छौक्कर को जमानत मिली

**समालखा।** पानीपत जिला के समालखा हलके से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को अंतरिम जमानत मिल गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में पांच मई के तडके दिल्ली के होटल से उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान टीम ने छौक्कर को धक्का मारकर गिराया था और कुर्ता भी फाड़ दिया था। इससे उन्हें चोट लगी थी। इसके इलाज के लिए छौक्कर को जमानत मिली है। छौक्कर शुक्रवार की सुबह जेल से रिहा हो जाएगा। वहीं छौक्कर को एक जुलाई को फिर से सरेंडर करना होगा। उन्होंने नियमित जमानत के लिए भी याचिका लगाई हुई है, जिस पर तीन जुलाई को सुनवाई होगी। जबकि पूर्व विधायक छौक्कर का बेटा सिकंदर छौक्कर अब भी ईडी की न्यायिक हिरासत में है।

## पिता व पुत्री ने दिव्यांग स्कूल को आर्थिक सहायता दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गरीब परिवार सहायता समिति के प्रधान श्याम लाल गर्ग और उनकी सुपुत्री पिंकी गर्ग द्वारा दिव्य दिव्यांग स्कूल, पानीपत के ज़रूरतमंद बच्चों की पढ़ाई हेतु आर्थिक सहयोग स्वरूप चेक प्रदान किया गया। इस नेक कार्य से समाज में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और विशेष रूप से सक्षम बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। समिति के इस सराहनीय कदम के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं साधुवाद देते हुए कहा कि सामर्थ लोगों का शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सामर्थ के अनुसार दान पुण्य करना चाहिए। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में किया गया दान पुण्य, दानकर्ता की तीन पीढ़ियों को फलता है।



गरीब परिवार सहायता समिति के प्रधान श्याम लाल गर्ग व पिंकी गर्ग, दिव्य दिव्यांग स्कूल संचालक को चेक भेंट करते हुए।

---

## एसएमएच अस्पताल के अवैध निर्माण केस में आर्किटेक्ट को नोटिस

**समालखा।** आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर द्वारा एसएमएच एंड मेडिकेयर अस्पताल के भवन निर्माण में बड़े फ़र्ज़ी वाड़े के आरोपों की शिकायत पर नगर पालिका में हड़कंप मचा हुआ है। शिकायत पर नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए आर्किटेक्ट अंकित देशवाल को नोटिस भेज कर अल्टीमेटम दिया है। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता गौरव ने बताया कि एसएमएच मेडिकेयर अस्पताल के भवन निर्माण का नक्शा शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के पैनल पर रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट अंकित देशवाल ने सेल्फ सर्टिफिकेशन स्कीम के तहत अपनी गारंटी पर स्वीकृत करवाया था। हरियाणा बिल्डिंग कोड़-2017 के नियमानुसार इस भवन का समस्त निर्माण कार्य हस्पताल संचालकों द्वारा ऑनलाइन स्वीकृत कराए गए नक्शे के मुताबिक करवाने की जिम्मेदारी नक्शा अप्रूव कराने वाले इस निजी आर्किटेक्ट की थी। वहीं, तमाम नियमों कानूनों की घोर अवहेलना करके स्वीकृत नक्शे के विपरीत मौका पर अवैध निर्माण करवा दिया गया। इस अवैध निर्माण की कोई सूचना भी नगर पालिका को नहीं दी गई। स्मरणीय है कि आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने अस्पताल के भवन निर्माण में बड़ी धांधली व पालिका भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने के आरोपों सहित नगर पालिका अधिकारियों व अस्पताल मालिकों के खिलाफ़ सरकार को शिकायत की है। इधर, जेई गौरव ने बताया कि एसएमएच एंड मेडिकेयर अस्पताल के संचालकों द्वारा नगर पालिका भूमि पर किए अवैध कब्ज़े को छुड़वाने के लिए भी नगर पालिका ने एसडीएम कोर्ट में हरियाणा पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत केस दायर कर रखा है ।




**पानीपत।** आईटीआई के विद्यार्थी नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

## आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पानीपत पुलिस ने वीरवार को बराना गांव स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही यह भविष्य को भी खतरे में डालता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं। विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं।

### तंबाकू के सेवन का त्याग करें नागरिकः डॉ. दहिया

**पानीपत।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। वहीं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि कोटपा एक्ट 2003 के अनुसार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को कार्यान्वित किया जाता है। एक्ट के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस एक्ट के तहत सेक्शन-4 के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल, रेलवे स्टेशन, शिक्षण संस्थान, अदालती इमारत, होटल, पार्क, गेस्ट हाउस, ढाबे, पुस्तकालय, स्टेडियम, बस स्टैंड, बस स्टॉप, बैंक, विवाह स्थल, बस-ट्रेन आदि सार्वजनिक स्थल जहां हर किसी की आवाजाही होती है पर धूम्रपान करना कानूनन जुर्म है तथा इस एक्ट की अवहेलना करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है।

### कोर्ट ने जमानती को पांच माह कैद की सजा दी

**पानीपत।** पानीपत कोर्ट ने मादक पदार्थ के तस्करी के मामले में जमानती रमेश निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को पांच माह की कैद की सजा सुनाई है। जमानती रमेश ने मध्यप्रदेश के मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में पकड़े गए व्यक्ति की जमानत करवाई थी। जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी ने फिर न ही थाने में हाजिरी लगाई और न ही कोर्ट में पेश हुआ। वहीं, कोर्ट ने जमानती रमेश को तलब किया। जमानती रमेश ने आरोपी के फरार होने पर उस पर कोर्ट के द्वारा किए गए एक लाख रुपये का जुर्माना भी अदालत में जमा नहीं किया। इधर, कोर्ट ने रमेश से जुर्माना भरने के लिए कहा, लेकिन रमेश जुर्माना नहीं भर पाया तो कोर्ट ने रमेश को सजा सुना दी।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक मरा, दूसरा गंभीर

**पानीपत।** पानीपत में हुडा सेक्टर 29 के जीटी रोड के कट पर हरियाणा रोडवेज की पंचकूला डिपो की तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक प्रिंस निवासी वार्ड सात, समालखा की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठे पारस निवासी सराय मोहल्ला समालखा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जमा भीड़ ने आक्रोश में आकर बस ड्राइवर की पिटाई कर दी।

---

### पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन ने बकाया वेतन के लिए प्रदर्शन किया



**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ब्रांच की जनरल मीटिंग पानीपत संग्रहालय परिसर में हुई। मीटिंग कर्मचारियों की करीब पांच महीने के सैलरी नहीं मिलने व अन्य कई समस्याएं थी जो कि ब्रांच कमेटी ओर जिला कमेटी ने सुनीं। मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सतीश देशवाल ने की मंच संचालन ब्रांच सचिव अनुज ने किया। अमरजीत मलिक, नीरज शर्मा, संदीप व दीपक ने अपने अपने विचार रखें। राज्य कमेटी की ओर से रामकुमार व अंग्रेज ने अपने-अपने विचार रखें। मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व राज्य प्रधान कृष्ण चंद्र शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधत किया और अपनी मांगों के समर्थन में जारी आंदोलन को और तेज करने की अपील की। उन्होंने जिला कमेटी को निर्देश दिए कि कर्मचारियों की समस्या का समाधान जल्द जल्द करवाया जाए। मीटिंग में ब्रांच कोषाध्यक्ष योगेश, संजीव शेरा, राजवीर, प्रवीण, कुलदीप, मनीष, सुशील, सुनील मोर व रामसूरत आदि मौजूद रहे। वहीं कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन भी किया।

## नवविवाहिता लापता, पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की वधावाराम कालोनी निवासी मुकेश की पत्नी लापता हो गई। वहीं मुकेश का करीब सवा माह पहले ही विवाह हुआ था। पत्नी मूल रूप से बिहार की निवासी थी और पानीपत में अपने मामा व मामी के पास रहती थी। इधर, विवाहिता सवा माह मुकेश के साथ रही जरूर, लेकिन खुद को टचिंग प्रॉब्लम बताते हुए उसे अपने से अलग रखा। इस अवधि में विवाहिता ने मुकेश ही नहीं, बल्कि घर के अन्य सदस्य से भी बातचीत तक नहीं की। बुधवार की दोपहर को नवविवाहिता संदिग्ध हालात में सुसराल से लापता हो गई। इधर, मुकेश व उसके परिजनों ने विवाहिता की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, मुकेश की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने नवविवाहिता के लापता होने का केस दर्ज कर उसी तलाश शुरू कर दी है।

### ई रिक्शा की टक्कर से बच्चे की मौत

**समालखा।** समालखा के इंडस्ट्रियल एरिया में वीरवार की सुबह ढलान पर खड़े ई-रिक्शा से दो बच्चें खेल रहे थे। इस दौरान ई रिक्शा चल पड़ी और उसने गति पकड़ ली। वहीं ई रिक्शा की टक्कर लगने से छह वर्षीय मानव पुत्र सुनील निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश हाल निवासी इंडस्ट्रियल एरिया की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिक्शा बच्चे के पेट और पैरों से होकर गुजर गया। इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आई। उसके कान और मुंह से खून निकल रहा था। परिजन बच्चे को सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मानव के बचाने का प्रयास किया, लेकिन बच्चे की मौत हो गई। इधर, समालखा चौकी इंचार्ज जितेंद्र ने बताया कि घटना को दुर्घटना बताया जा रहा है। परिजनों की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

## शिक्षा मंत्री ने खुला दरबार लगाकर जनसुनवाई की



**पानीपत।** पानीपत के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जन समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें मंत्री महिपाल के समक्ष रखीं। शिक्षा मंत्री ने हर एक फरियादी की बात धैर्यपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तुरंत फोन कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं जनता दरबार में मुख्य रूप से पेयजल समस्या, सड़क मरम्मत, पेंशन में देरी, बिजली आपूर्ति, शिक्षा संस्थानों की व्यवस्थाएं, तथा पारिवारिक विवाद जैसे मुद्दे लोगों ने उठाए। ढांडा ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कॉल करके दिशा-निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का तुरंत निवारण किया जाए। वहीं, मंत्री ढांडा ने कहा कि आमजन की समस्याएं सुनना और उनका निराकरण करना ही जनप्रतिनिधियों का पहला कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की किसी भी समस्या में अनावश्यक देरी न की जाए। जिन मामलों का निपटारा मौके पर संभव नहीं है, उनकी फाइल बनाकर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही की जाए।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**
श्रीमति मोनिका धर्मपत्नी स्व. श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री राम चन्द्र पुत्र श्री माम राज सिंह निवासी मकान नं० 103/11 रानी महल, पानीपत।

बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास का सूचित किया जाता है कि श्रीमति मोनिका धर्मपत्नी स्व. श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री राम चन्द्र पुत्र श्री माम राज सिंह निवासी मकान नं. 103/11 रानी महल, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री राम चन्द्र पुत्र श्री माम राज सिंह की मृत्यु दिनांक 24.06.2024 को हो चुकी है। स्व. श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री राम चन्द्र पुत्र श्री माम राज सिंह के नाम एक किता भाग मकान नं. 301-302, वार्ड 11, पानीपत, रकबा 61 वर्गगज बरूये उपहार पत्र वसीका नं. 642/1 दिनांक 01.05.2012 की रूह से मलकीयत है। मृतक की माता श्रीमती प्रेमो देवी का दिनांक 28.02.2010 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व. श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री राम चन्द्र पुत्र श्री माम राज के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैः-
1. शिवानी पुत्री, 2. ऋतिक पुत्र, 3. श्रीमति मोनिका धर्मपत्नि ही वारिस हैं, इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। वारसान की तसदीक राजीव नम्बरदार, नूरवाला, पानीपत की रिपोर्ट व हल्का पटवारी की रिपोर्ट दिनांक 16.06.2025 के अनुसार हो चुकी है।
इनके इलावा मृतक स्व. श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री राम चन्द्र पुत्र श्री माम राज का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
राजेश सुपुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नम्बर 374/10, पानीप्त।

बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि राजेश सुपुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नम्बर 374/10, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री ओम प्रकाश सुपुत्र श्री आत्मा राम की मृत्यु दिनांक 07.09.2024 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति उतमी बाई धर्मपत्नी श्री आत्मा राम की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्री ओम प्रकाश सुपुत्र श्री आत्मा राम की मृत्यु के बाद निम्न वारिस 1. सुमित्रा रानी धर्मपत्नी 2. धीरज 3. राजेश सुपुत्रगण 4. मोनिका सुपुत्री श्री ओम प्रकाश सुपुत्र श्री आत्मा राम है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-
इनके इलावा श्री ओम प्रकाश सुपुत्र श्री आत्मा राम का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। यह कि प्रार्थी को विक्रय पत्र/अन्तरण पत्र/दान आदि दस्तावेज पंजीकरण हेतू उक्त कागजात की आवश्यकता है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप




बराड़ा। पौधरोपण करती कॉलेज छात्राएं।

### योग दिवस को लेकर छात्राओं ने किया पौधरोपण

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेजमें 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस सैल द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी के नेतृत्व में कॉलेज प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर डॉ. दलजीत कौर विर्क ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं बल्कि मानव जीवन को भी स्वस्थ और समृद्ध बनाते हैं।

### चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी पीयूष उर्फ थप्पू व सुखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। बीच की डिग्गी एरिया के रहने वाले चरण सिंह ने 18 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर से पानी की मोटर चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने गांव सिरसगढ़ के रवि कुमार को काबू किया है। काकरकुंडा के रहने वाले अनिल कुमार ने 18 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि बाबा बालक नाथ मंदिर के पास से किसी आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी गुरप्रीत सिंह व साहिब सिंह उर्फ राजबीर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। मोहिंद्र नगर के रहने वाले हरप्रीत सिंह ने 25 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर से सोना जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### जन औषधि केंद्र पर सस्ती मिलती हैं दवाइयां

**कुरुक्षेत्र।** पीएम जन औषधी केंद्र के संचालक विक्रांत प्रभाकर ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत कुरुक्षेत्र के अनुभव से सीखो कार्यक्रम के तहत युवाओं ने जन औषधि केंद्रों पर किफायती दामों में गुणवत्तापूर्ण दवाइयां पर मिलती हैं। उन्होंने कहा कि जन औषधि योजना या आम जनता के लिए दवा योजना की शुरूआत नवंबर 2008 में हुई थी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशासन की ओर से मैराथन का हुआ आयोजन

# योग मैराथन में युवाओं ने दिखाया दम एसडीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना




अंबाला। मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम व हिस्सा लेते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत वीरवार को जिला प्रशासन व आयुष विभाग के सौजन्य से हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक से योग मैराथन का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राजबीर रंगा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है।

योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से भी बच सकते हैं। योग मैराथन में एचएपी बटालियन के जवान, जिला पुलिस, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधियों व सदस्यों ने इसमें भाग लेकर योग की महत्वता के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया। विद्यार्थियों व खिलाडियों ने हाथों में पट्टिकाएं जिसमें योग है अनिवार्य बाकी सब बेकार, योग लाएगा स्वास्थ्य का राज, इसे धारण करने से स्वस्थ बनेगा समाज, ना कोई कष्ट न कोई रोग जब जीवन में होगा योग इत्यादि के माध्यम से योग से जुडऩे बारे संदेश दिया। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पहले से ही बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी जगहों पर कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जून को पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा ताकि 21 जून को मनाए जाने वाले कार्यक्रम के तहत सभी तैयारियों बारे जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक योग प्रोटोकोल के तहत आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक योग की विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से उपस्थित सभी को योग की महत्वता बारे जागरूक करेंगे। आयोजित योग मैराथन हर्बल पार्क अंबाला शहर से शुरू होकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, शौर्य चौक, पुलिस लाईन, सेशन हाउस, ऑफिसर कॉलोनी से होते हुए हर्बल चौक पर आकर संपन्न हुई। मैराथन में शामिल प्रतिभोगियों में काफी उत्साह था। पुलिस के जवानों के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों, खिलाडियों व अन्य ने शामिल होकर सभी को योग से जुडऩे बारे प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. नरेश, संदीप मलिक, कोच राम, एसएचओ बलदेवनगर रमेश कुमार के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## योग करते समय अलग-अलग रंगों की किरणों का होता है अहसास



अंबाला। योग दिवस पर मौजूद बीके बहनें व अन्य।

**अंबाला।** अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब व आयुष विभाग के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक सांझा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सभी अतिथियों का मंच पर अभिवादन किया गया। बहनों ने सभी अतिथि गणों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। आयुष विभाग की एएमओ डॉ. समिधा शर्मा ने यहां सभी श्रोताओं को योग करवाया। बताया कि हमारा शारीरिक व मानसिक, अध्यात्मिक व सामाजिक स्वास्थ्य स्वयं का अहसास ये सभी इस योग की कला को समझने से ही संभव हैं। राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा जब हम योग करते हैं तो उसमें अलग-अलग रंगों की किरणों को स्वयं पर पड़ते हुए महसूस करते हैं जिससे हमारे अंदर अनंत शक्ति का प्रवाह होता है। हम अनुभव करेंगे कि परमात्मा हमारी हर बात सुन रहा है और हमें जीवन में आने वाली सभी परिस्थितियों के लिए मजबूत बना रहे हैं। हम जागृत होकर महसूस करें उस एनर्जी को जो हमें परमात्मा से मिली है वह बहुत दूर तक फैल रही है उसका दायरा बढ़ता जा रहा है और इस पॉजिटिविटी को बढ़ाते हुए हम पूरे विश्व को बदल सकते हैं। इसके बाद बीके शैली दीदी ने मेडिटेशन द्वारा एक डीप साइलेंस का अनुभव कराया। सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि हम आत्मा जब अपने इस देह को भूल कर अपने अंदर आत्मा को देखते हैं तो उस आत्मा के अंदर हमें परमात्मा की शक्ति का प्रकाश दिखाई देता है।



अंबाला। इनेलो की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

## इनेलो की कार्यकारिणी का विस्तार, जगमाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

- हल्का अध्यक्ष चरणजीत मोहड़ी की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का विस्तार, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल ने संगठन को मजबूत बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा की अध्यक्षता में हल्का अंबाला शहर में इनेलो की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें इनेलो संगठन के विस्तार और संगठन में कार्यकर्ता की भागीदारी एवं जिम्मेदारी निश्चित की गई। बैठक के दौरान अंबाला शहर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे गांव-गांव, गली-गली तक इनेलो की विचारधारा को पहुंचाएंगे और आने वाले चुनाव में हरियाणा में इनेलो की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे।

अंबाला संगठन की यह एकजुटता और जोश, प्रदेश में परिवर्तन की मजबूत नींव साबित होगी।इनेलो हल्का कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का आह्वान किया।

**बैठक में ये रहे**

*बैठक में प्रदेश महासचिव शीशपाल जंधेड़ी , जिला अध्यक्ष जगमाल सिंह रोलों प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुरदर्शन सिंह लाली, शमशेर सिंह फ़ज़ैलपुर,शशि केसरी, बलजिंदर सिंह सद्दोपुर,रीटा केसरी, जंगवीर राणा,लक्की नंगोली, इक़बाल बाजवा,निर्मल सिंह लौटां,मास्टर रजनीश, बलजीत भानोखेड़ी भी मौजूद रहे।*

प्रदेश अध्यक्ष माजरा द्वारा बैठक में हल्का अध्यक्ष चरणजीत मोहडी की अनुशंसा पर हल्का अंबाला शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों जगमाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जीत सिंह, हरविंदर सिंह, चमन लाल, अंग्रेज सिंह, चतन सिंह, रामजीत, शेषपाल को उपाध्यक्ष, जगदेव सिंह को प्रधान महासचिव, गुरचरण सिंह, जरनैल सिंह, अमरजीत सिंह, हरविंदर सिंह, देवराज, गुरमीत सिंह, राजकुमार को महासचिव, दर्शन सिंह को संगठन सचिव, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, जंगशेर, मेजर सिंह, स्वर्ण सिंह, दलजीत सिंह को सचिव, रविंदर कुमार को कोषाध्यक्ष, गुरजीत शर्मा को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया।

## जनता को मूर्ख बनाना बंद करें मेयर बुनियादी सुविधाएं करवाएं उपलब्ध

- निगम सदस्य मेघा गोयल ने मेयर की कार्यशैली पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। निगम सदस्य मेघा गोयल।

अंबाला शहर के वार्ड नंबर 9 की कांग्रेस सदस्य मेघा गोयल ने मेयर शैलजा सचदेवा की कार्यशैली पर फिर सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि निगम द्वारा 4000 एलईडी लाइटों की खरीद की गई थी। 1000 रुपये प्रति लाइट की खरीद गई थी। सभी वार्ड में कुछ लाइटें लगवाई गई थी जिन पर कुल खर्च चालीस लाख आया। उन्होंने कहा कि उस समय भी भाजपा की सरकार थी। अब जब मेयर भी भाजपा की है और तकरीबन सभी सदस्य भी भाजपा के हैं तो 24000 एलईडी लाइटों के लिए 17 करोड़ का बजट पास कर 2024 में ही लाइटें खरीद ली गई थी। बिल भी पास कर दिया गया। साथ ही उन लाइटों पर मिली एक साल की गारंटी भी खत्म हो गई है। एक साल से ऊपर होने के बावजूद ये लाइटें अभी तक वार्डों में नहीं लगी। उन्होंने इस बात पर कड़ा ऐतराज जताया कि मेयर शैलजा बोल रही है कि पहले लाइटों की जांच हो फिर इन्हें लगाया जाएगा। मेघा ने कहा कि मेयर सरकार की आड़ में सिर्फ जनता का मूर्ख बनाने का काम कर रही हैं। जानता के खून पसीने के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में अभी तक हुए घोटालों में पुख्ता सबूत मिलने के बावजूद किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि जानता का मूर्ख बनाना बंद करो। जानता को निगम द्वारा दी जाने वाली मूल भूत सविधाओं लाइट और सफाई समेत दूसरी सुविधाएं उपलबध करवाई जाएं। सफाई का ठेका देकर कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की जाए। अब आरोप प्रत्यारोप लगाने का समय नहीं है।

### 1.30 लाख रुपये में नगर निगम देगा प्लाट पोर्टल पर होगा आवेदन

**अंबाला।** नगर निगम ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्लाट लेने के लिए विभाग की ओर से पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल 15 जुलाई तक खोला गया है। अब शहर के लोगों को प्लाट लेने के लिए विभाग के पोर्टल पर 10 हजार रुपये देकर पंजीकरण करवाना होगा। उसके बाद आवेदन करने वाले लोगों को प्लॉट मिलने की प्रक्रिया शुरू होगी। दरअसल, निगम की ओर से योजना के तहत 2023 में प्लाट देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। निगम की ओर से पहले प्लाट देने के लिए पोर्टल खोला गया था, लेकिन लोगों ने ऑनलाइन आवेदन करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। अब दोबारा से पोर्टल को खोला गया है। निगम की ओर से योजना के तहत 1 लाख में 30 वर्ग गज का प्लाट दिया जाएगा और उसके बाद मकान बनाने के लिए भी अढाई लाख रुपये में सब्सिडी पर जारी की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत मॉडल जेल चंडीगढ़ में आयोजित आउटडोर योग सत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा जन-जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष आउटडोर योग अभ्यास सत्र का आयोजन मॉडल जेल, चंडीगढ़ में किया गया। यह आयोजन दिनांक 18 जून 2025, बुधवार को ₹योग से सुधार, जीवन में बदलाव₹ की भावना के तहत संपन्न हुआ।

इस वर्ष की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस सत्र में कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अंतर्गत जेल के कैदियों को योगाभ्यास कराया गया, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन भारतीय योग संघ के सहयोग से किया गया तथा इसे टीम एनआईए पंचकूला के डॉ. गौरव कुमार गर्ग (आईवाईडी समन्वयक), प्रो. प्रहलाद रघु, और डॉ. सुनीता यादव ने कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम की संकल्पना और मार्गदर्शन संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, डीन प्रोफेसर गुलाब पमनानी (अकादमिक एवं प्रशासनिक), और डीन प्रभारी प्रोफेसर सतीश गंधर्व के नेतृत्व में किया गया।



### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने मनाया योग अभ्यास सत्र

**पंचकूला।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा 21 जून 2025 को प्रस्तावित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, दिनांक 19 जून 2025 को प्रातः 6:15 बजे से 8:00 बजे तक 'सामान्य योग प्रोटोकॉल' अभ्यास सत्र का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया। इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस सत्र के प्रशिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, महासचिव, भारतीय योग संघ, चंडीगढ़ से रहे। योग प्रोटोकॉल का सजीव प्रदर्शन संस्थान के छात्रों — सुश्री तीशा ढल, सुश्री अनामिका शर्मा, श्री श्याम शुक्ला,श्री दीक्षांश ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, डीन (अकादमिक एवं प्रशासनिक) प्रोफेसर गुलाब पमनानी, डीन प्रभारी प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने की। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक डॉ. गौरव गर्ग, सदस्य सचिव डॉ. आकांक्षा राणा, संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्रगण इस योग सत्र में शामिल हुए।

## जलशक्ति की टीम ने बिलासपुर व भूरेवाला में बनाए गए चेक डैम का किया मुआयना

- जांच टीम ने अधिकारियों ने मांगी विस्तार से रिपोर्ट, जांच के बाद जरुरी निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त की गई जलशक्ति की टीम ने यहां कई तालाबों का मुआयना किया। जांच टीम में वित्त मंत्रालय के निदेशक अमन गर्ग, निदेशक व मुख्य वैज्ञानिक नेमा अख्तर भी शामिल रही।



नारायणगढ। चेक डैम का निरीक्षण करती जांच टीम।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की शाखा भूमि संरक्षण द्वारा पिछले वर्ष व इस वित्तीय वर्ष में करवाए गए भूमि संरक्षण कार्यों का जांच टीम ने अवलोकन किया। कार्यों के निरीक्षण के दौरान संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता-कम-नोडल अधिकारी, (जलशक्ति) सिंचाई विभाग, अंकित कुमार अत्री, मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने करवाए गए कार्यों की रिपोर्ट टीम के सम्मुख प्रस्तुत की गई। उसके उपरांत गांव बिलासपुर बनाए गए कलवर्ट-कम-चेक डैम, गांव भूरेवाला में अर्धन गलीप्लग व कलवर्ट-कम-चेक डैम का भी निरीक्षण किया गया। इसके साथ-2 जांच टीम ने भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, नारायणगढ़ की कार्यविधि तथा बाद दोपहर गांव समलेहड़ी की अमरी नदी में करवाए गए डैम का भी निरीक्षण किया।



बराड़ा। निरीक्षण करते हुए नपा चेयरमैन।

## जलभराव की वजह से उगी जलकुंभी चेयरमैन ने समाधान के निर्देश दिए

**बराड़ा।** नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने बुधवार को वार्ड नंबर 5 और 6 में जलभराव की समस्या को मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर भंवर सिंह के साथ नाले की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर ही सुधार कार्यों के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि गत दिवस चेयरमैन मलिक के संज्ञान में आया था कि वार्ड 5 और 6 में नाले से रिसाव होने के कारण खाली प्लॉटों में पानी भर गया है। इसमें जलकुंभी उग आई है। इससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चेयरमैन मलिक ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।



अंबाला। अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

## अश्लील संदेशों के साथ युवती का मोबाइल नंबर वायरल, डीएसपी को केस दर्ज करने के निर्देश

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी की एक युवती ने विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उनके घर के पास ही रहने वाले वाले युवक ने उसका मोबाइल नंबर कुछ अश्लील मैसजों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसका आरोप था कि युवक द्वारा जानबूझकर उसे बदनाम करने की नीयत से ऐसा किया गया है। मंत्री अनिल विज ने मौके पर मौजूद डीएसपी रमेश कुमार को इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वशिष्ठ नगर से आई महिला ने शिकायत देकर कहा कि घर की पुश्तैनी जमीन बेचने को लेकर उनका सौदा हुआ था। मगर इस उससे अभी तक अपने हिस्से के 16 लाख रुपए नहीं मिले हैं।

मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को दिए परीक्षा को लेकर जरुरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश

# सीईटी परीक्षा के लिए 13.50 लाख युवाओं ने किया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से सीईटी की लिखित परीक्षा को लेकर उपायुक्त से की गई व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि सीईटी की एक महीने के बाद लिखित परीक्षा प्रस्तावित है।

इसके तहत हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के तहत जो सेंटर चिह्नित किए गए हैं उन में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त होनी चाहिए ताकि सभी जगहों पर परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन हो सके। प्रदेश में इस परीक्षा को लेकर 13.50 लाख अभ्यार्थियों पंजीकरण करवाया है। इस परीक्षा के लिए करीब 1684 परीक्षा केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। अभ्यार्थियों की संख्या को देखते हुए यह परीक्षा दो या तीन दिन करवाई जा सकती है।

यह परीक्षा 4 से 6 चरणों में की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त अपने जिलों के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में इस परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों की सूची कमीशन को उपलब्ध करवा दी गई है। जिला शिक्षा विभाग के सौजन्य से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी करवा दिया गया है। सभी व्यवस्थाएं वहां पर दुरूस्त हैं। वीसी के दौरान जो दिश-निर्देश मिले है उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य को निर्देश दिए कि जो भी परीक्षा के दृष्टिगत हिदायतें होगी उसकी अनुपालना के तहत परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।




अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।